# डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ा शुक्ल पक्ष , 1-2083 | भोपाल, दिन बुधवार, दिनांक 15 जुलाई 2026

## न्यूज गैलरी

### मस्कट में एशिया हॉकी में दिखेगा मप्र का दम, 4खिलाड़ी भारतीय टीम में चयनित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी के चार खिलाड़ियों का चयन 20 से 26 जुलाई तक ओमान के मस्कट में होने वाली यूथ हॉकी एशियन चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। पुरुष वर्ग में अजुन रजक और करन गौतर, जबकि महिला वर्ग में महक परिहार और नीतीन नाज भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। खेल मंत्री विजयवर्गीय कैलाश सारंग ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत के लिए पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

### एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

**भोपाल।** पिपलानी थाना पुलिस ने 23 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर एनएसयूआई पदाधिकारी सुभाष यादव के खिलाफ दुष्कर्म, यौनशोषण, धमकी और एससीएसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी उसे बैतूल के बहाने कलेक्ट पर ले गया और जबरन शारीरिक संबंध बनाए। घटना का खुलासा करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ग्राम पंचायतों का आय-व्यय अब ऑनलाइन, भुगतान भी घर बैठे होगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने वित्तीय पंचायती राज व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और डिजिटल बनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाइन पोर्टल्स लॉन्च किया है। इसके जरिए 23,011 ग्राम पंचायतों का आय व्यय ऑनलाइन देखा जा सकेगा, जिससे वित्तीय गड़बड़ियों पर रोक और ऑडिट प्रक्रिया मजबूत होगी। पंचायत दर्पण पोर्टल पर नया पेमेंट गेटवे भी शुरू किया गया है। अब पंचायतें कर और शुल्क के ऑनलाइन बिल जनरेट करेंगी। नागरिक मोबाइल या कंप्यूटर से घर बैठे भुगतान कर सकेंगे और तुरंत ऑनलाइन रसीद लेंगे। इससे लोगों को पंचायत कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और पंचायतों का पूरा वित्तीय रिकॉर्ड डिजिटल रहेगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में 5,970 कार्य पूरे, जल संरक्षण को मिला नया बल

**भोपाल।** प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग ने 5,970 कार्य पूरे किए। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अभियान की उपलब्धियों की पुस्तिका सौंपी। अभियान में जल स्रोतों की सफाई, नहरों का जीर्णोद्धार, तालाबों की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने, रिसाव रोकने और पौधरोपण जैसे कार्य जनसहयोग से कराए गए। मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी।

### 20 जुलाई से शुरू होगा विधानसभा मानसून सत्र, 1,756 प्रश्नों पर होगी चर्चा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सत्र के लिए कुल 1,756 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें 900 तारांकित और 856 अतारांकित हैं। इनमें 1,091 प्रश्न ऑनलाइन तथा 665 ऑफलाइन जमा किए गए हैं।

कैबिनेटबैठकमोहन सरकार ने टेक होम राशन व्यवस्था आजीविका मिशन से ली वापस

# महिला व बाल विकास विभाग को दी टेक होम राशन व्यवस्था की जिम्मेदारी

**गितले करीब छह महीने से टेक्त होता गगन की त्रातरश्ता तरत्तमग गई थी। यह व्यवस्था प्रदेश भर की आंगनवाड़ियों में बंद हो गई थी**

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

राज्य सरकार ने टेक-होम राशन व्यवस्था को पंचायत एवं सामाजिक विकास विभाग की संस्था आजीविका मिशन से वापस ले लिया है। पिछले करीब छह महीने से टेक होम राशन की व्यवस्था बंद्सा गई थी। यह व्यवस्था प्रदेश भर के आंगनवाड़ियों में बंद हो गई थी। इस वजह से आशंका जताई जाने लगी थी कि कहीं इसे बंद तो नहीं किया जा रहा है। हालांकि, कैबिनेट ने एक बड़ा निर्णय लेकर इसे आजीविका मिशन से वापस लेकर महिला व बाल विकास विभाग को सौंप दिया। अभी प्रारंभिक रूप से अल्पकालीन निविदा, इसके बाद टेंडर के जरिए संचालन होगा। कैबिनेट की बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए। सरकार ने ग्रामीण विकास के आंतरिक व्यवस्था के रूप में एक सहायक समूह से पूरक पोषण आहार प्रदाय के लिए महिला व बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है।

**टेक—होम राशन का उत्पादन एवं वितरण दोनों की व्यवस्था स्न सहायता समूहों को दी**

**पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे का भी हुआ शुभारंभ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 23 पंचायतों के लिए ऑडिट प्रक्रिया को ऑनलाइन अपनाने के लिए विकसित दृष्टि ऑनलाइन पोर्टल्स लॉन्च किया है। इसके साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल पर पेमेंट गेटवे की सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी गई। इसके पंचायत स्तर पर ऑडिट प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और तेज लगी। इस व्यवस्था लेकर से ने मंत्रालयों के पूर्णतः डिजिटल रिमोट लिमिट ऑडिट की दिशा में अपनी तरह की अनिक पहल है।

**दृष्टि की एक खासियत यह भी**

इस ऑनलाइन पोर्टल्स की एक खासियत यह भी है कि जिले के सभी पंचायतों में प्रत्येक माह की 5 तारीख को सभी पंचायतों सभी स्तर के वित्त व कार्य का विवरण अपलोड करने के आदेश जारी हैं। ऑडिटर सभी जिलों का मंत्रालय स्तरी सभा काम कर सकेंगे। इसके बाद फिजिक सत्यापन करेंगा। तय हाल में प्रत्येक 6 तारीख को इसे अपलोड करना होगा। इस पर अपलोड के बाद उसे दबाने की गुंजायश समाप्त हो जाएगी। जबकि दर्पण पोर्टल पर पेमेंट की व्यवस्था होगी।

**प्रवाह . . फेयरलेस प्रक्रिया होगी**

सरकार ने कहा कि अनुदान से चले अनुदान की राशि के लिए वित्तीय पंचायतों के सम्बन्ध ऑडिट की अनिवार्यता है। भवन के पहलेकाबार के निर्देशन में पंचायती राज मंत्रालयालय की ओर से एनआईसी के तकनीकी सहयोग से ऑनलाइन ऑडिट के लिए दृष्टि नामक ऑनलाइन पोर्टल्स विकसित किया गया है। इस पोर्टल्स पर आवश्य ऑडिटर अपने घर या ऑफिस से जिलों की पंचायत के सभी प्रवाह से आय व्यय देखेंगे अनिवार्य देख सकते हैं। उनकी जांच कर सकते हैं। यह ऑडिट प्रक्रिया प्रदेश की 23,011 ग्राम पंचायतों के वित्तीय ऑडिट को तेज, पारदर्शी एवं भरोसेमंद बनाएगी। इसके माध्यम से सीमित कर्मचारियों की मदद से समस्त पंचायतों का ऑडिट समय पर किया जा सकेगा।

## मुरैना में स्कूल से 4 वर्षीय मासूम का दिनदहाड़े अपहरण,

**पूर्व विधायक के परिवार के पांच लोगों की मौत हुई**

**डीआर संवाददाता॥ मुरैना**

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गायत्री कॉलोनी के रेनबो पब्लिक स्कूल से मंगलवार को कक्षा प्रथम कार्तिकेय राजपूत का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया। स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूटी सवार दो युवक बच्चे को गोद में उठाकर फरार हो गए। पूरी घटना स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शहर में नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

फ्रायडर्लीवों के अनुसार, एक युवक स्कूल परिसर से कार्तिकेय को गोद में उठाकर बाहर लाया, जहां दूसरा साथी पहले से स्कूटी लेकर इंतजार कर रहा था। दोनों बच्चे को लेकर फरार हो गए।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है।

प्रारंभिक जांच में पारिवारिक विवाद का मामला भी सामने आया है। बच्चे की मां इशू यादव अपने पति नीलेश यादव से अलग रह रही हैं और बेटे के साथ मुरैना में अपने मायके में रह रही थीं। पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज भी उसे दिखाया तो उन्होंने एक आरोपी की पहचान अपने पति के ड्राइवर के रूप में की, जबकि दूसरे व्यक्ति को पहचानने से इनकार किया। पुलिस ने बच्चे के पिता का मोबाइल सर्विलांस पर लिया है, हालांकि उसका फोन बंद बताया जा रहा है। भौसपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में भी पुलिस टीमें भेजी गई हैं।

सीएसपी दीपाली धंधेरिया ने बताया कि सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है और बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

## जनसुनवाई में पहुंचीं खाद्य गुणवत्ता, योजना भुगतान और पारिवारिक विवाद की शिकायतें,

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को कुल 210 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें खाद्य गुणवत्ता, शासकीय योजना की राशि में गड़बड़ी और पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले प्रमुख रहे। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।

अवधिया बायपास स्थित साँची पार्लर से खरीदे गए साँची के पेड़ों में फफूंद मिलने की शिकायत भोपाल निवासी इरशेलार ने की। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को खरीदे गए पेड़े कुछ ही दिनों में खराब निकले। शिकायत पर कलेक्ट्रेट ने मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को भेज दिया है।

आरिफ नगर निवासी डालचंद सक्सेना ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की राशि चालू बैंक खाते में स्थानांतरित होने की शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना है कि जनवरी 2026 में किस्त के बाद मिलने वाली सहायता राशि बैंक विवरण में त्रुटि के कारण किसी अन्य व्यक्ति के खाते में भेजी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मांगे गए दस्तावेज देने के बावजूद समस्या का समाधान करने के बजाय लगातार चक्कर लगवाए जा रहे हैं।

वहीं, पीएचई विभाग में कार्यपालन इंजीनियर अली की पत्नी आफरीन मेगन की जनसुनवाई में पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि मांगे गे पत्नी की बच्ची सहित घर से निकाल दिया है और दूसरी शादी की तैयारी कर रहे हैं। महिला ने कलेक्टर से न्याय दिलाने और उचित कार्रवाई की मांग की है।

## पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस की साइक्लोथॉन शुरू

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

प्रदेश कांग्रेस ने इंदौर से मंगलवार सुबह साइक्लोथॉन की शुरुआत की। यह यात्रा नीट-यूजी और सीबीएसई परीक्षा में कथित गड़बड़ी, पेपर लीक तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर निकाली जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राहुल गांधी के सांसदों की मुहब्बत अभियान के तहत इंदौर से भोपाल तक साइकिल यात्रा कर रहे हैं। यह यात्रा दो दिन में भोपाल पहुंचेगी। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता, छात्र और युवा शामिल हुए, जबकि रास्ते में देवास, सीहोर

और भोपाल जिले से भी लोग इस अभियान से जुड़ेंगे। देवास में जीतू पटवारी ने कहा—

**पटवारी ने मांगा शिक्षा मंत्री का इस्तीफा, इंदौर में लगा जुर्माना**

हमारी मांग है कि हर पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच हो। हर पेपर लीक के पीछे माफिया को हौसला क्यों होते हैं? शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए।

इंदौर में कांग्रेस की साइक्लोथॉन यात्रा के दौरान गांधी प्रतिमा के सामने कचरा फैलाने के मामले में नगर निगम ने कार्रवाई की है। भाजपा प्रवक्ता जीवी मूलचंदानी ने इस मुद्दे को उठाया था।

## दंडोतिया टीटी नगर, जाधेला बैरसिया के तहसीलदार बने

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

भोपाल में तबादलों के बाद खाली पड़ी तहसीलों और पुर्ती से 22 तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की नई पदस्थापना की गई है। जारी आदेश के तहत सात तहसीलदार और 16 नायब तहसीलदारों का स्थानांतरण किया गया है। शहर तहसीलदार करुणा दंडोतिया को टीटी नगर का तहसीलदार बनाया गया है, जबकि आदित्य जाधेला को बैरसिया तहसील की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

गोविंदपुरा में लंबे समय से रिक्त नायब तहसीलदार के पद पर शालिन पद शुभ्रवार — जो पटवारीभाना की गई है। वहीं नुपेश कैलासिया को हजूर तहसील में भेजा गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार सप्ताह भी में डिप्टी कलेक्टर और संयुक्त कलेक्टर स्तर पर हुए फेरबदल के बाद अब एसडीएम स्तर पर भी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी है।

## थीरेंद्र शास्त्री के भाई पर युवक को गोली मारने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**डीआर संवाददाता॥ छतरपुर**

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई सालिगराम नगर का राजनगर थाना क्षेत्र के जोड़ा गांव निवासी मोतीलाल कुशवाहा को गोली मारने का आरोप लगा है। घायल मोतीलाल ने पुलिस को बताया कि जमीन विवाद को लेकर सालिगराम नगर जाने वालियों के साथ उसके घर पहुंचे, उसे बाहर खींचकर लाठी-डंडों से मारपीट की और नरकरीन की। एक गोली उसके होने में लगी, जिसे जिला अस्पताल में ऑपरेशन कर निकाला गया। लोकपदों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सालिगराम नगर और उसके साथी भीड़ से भागते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ितों के दूत लोग ने सालिगराम के साथ में हथियार भी नजर आ रहा है। हालांकि, सालिगराम के साथियों ने सभी आरोपों को नकारा कहते हुए दावा किया कि मोतीलाल और उसके साथियों ने उन पर हमला किया और उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ की।

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि सालिगराम नगर से जनता कोई संबंध नहीं है और यदि कोई दोषी है तो उसे कानून के अनुसार कड़ी सजा मिलनी चाहिए। छतरपुर एसपी रुचा साकलेचा ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा निष्पक्ष जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बैरागढ़ थाने के सामने चाकूबाजी गिरफ्तारी नहीं

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

बैरागढ़ थाने से 100 मीटर दूर बगल्ला कारोबारी नीरज जनियानी पर हुए जानलेवा हमले के 48 घंटे बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। थाना प्रभारी अशोक नीलम ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच जारी है। जांच में दो सनसनीखेज वुक्क की भूमिका भी सामने आई है, जो वारदात के दौरान वाहन लेकर खड़ा था।

मंगलवार रात बैनाबद के चोक कपड़ा व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल थाना पहुंचा। कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया इस्लानी ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। थाना प्रभारी ने दो दिन में गिरफ्तारी का भरोसा दिया।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो शुक्रवार को व्यापारी संघ के बैनर तले धरना देंगे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

## अजीब मौसम प्रदेश में अब तक औसत सामान्य से 7 प्रतिशत कम बारिश हुई

### पहली बार सुबह से शाम तक सूखा रहा प्रदेश अब 3 दिन बाद बारिश के आसार

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार सहित ऐसा दिन रहा जब मानसून ऑनसेट के बाद सुबह से शाम 5 बजे तक कहीं भी एक बूंद तक नहीं गिरी। प्रदेश में 24 जून को मानसून ऑनसेट हुआ है। प्रदेश में अभी कोई सिस्टम नहीं होने और खाड़ी में मानसूनी करंट कम होने से अभी प्रदेश में बारिश की कमी बनी हुई है, लेकिन 17 जुलाई से बारिश का एक और दिर शुरू होगा।

मध्यप्रदेश में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ी एक हफ्ता बीत गया है। अब तक 241.6 मिमी बारिश हुई है, जबकि 260 मिमी बारिश होनी चाहिए थी। यानी प्रदेश अभी 7 प्रतिशत कम है। 18 जिलों में 76 तक कम बारिश हुई है।

भोपाल में अब तक 327.4 मिमी बारिश हो चुकी है। वहां अब तक हुई 260.2 मिमी से 23 अधिक है। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार यह औसत सामान्य से 19 दिन होते ही भोपाल की कम बारिश की बेली में आ जाएगा। सबसे ज्यादा संकट अतीरजपुर में है। यहां 76 बारिश की कमी है। रैसन और मैहर में 60 बराबर है।

**आज यहां बादल—बारिश की उम्मीदें**

मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार रात अतीरजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, उज्जैन, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, रायसेन, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, सिंगरौली, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, मैहर सिंगरौली में हल्की बारिश की उम्मीद है।

**पहले पूर्वी काय फिर पूरा प्रदेश के**

अनुसार तेज अंतराल के बाद अब 17 जुलाई से फिर बारिश में तेजी आने की उम्मीद है। अगले 5 से 6 दिन में पूरे प्रदेश में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। जो बार से पांच दिन सफल से तेज बारिश का संकेत। सबसे पहले पूर्वी क्षेत्र में बारिश शुरू होगी, जो दो से तीन दिन के बाद पश्चिमी क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों तक शुरू होगी। इस बीच भोपाल में भी बारिश होगी।

## माननीयों से लेकर अफसरों तक की गाड़ियों के 34 चालान काटे

**सड़क पर लगी कोर्ट... सांसद, मंत्री के स्टाफ और महापौर की गाड़ी के चालान कटेय हूटर, नेमप्लेट और काली फिल्म उतरवाई**

**डीआर संवाददाता॥ भोपाल**

भोपाल डीयी सिटी चौराहे पर मंगलवार को अलग दिनों से जुड़ अलग प्रकरण था। आम लोगों के साथ खास लोगों की गाड़ियों के चालान काटे गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) जम्पीय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में विशेष चालानी अभियान चलाया गया। करीब 4 घंटे चली कोर्ट और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नियम तोड़ने वाले वीआईपी और आम लोगों के वाहनों पर समान रूप से कार्रवाई की गई। मंत्री, सांसद, अफसरों के वाहनों के भी 34 चालान बनाए गए। अभियान में जिला रजिस्ट्रार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट भरत सिंह रघुवंशी भी मौजूद रहे।

**सांसद और विधायक महापौर की गाड़ी** सांसद नेम प्लेट लगी गाड़ी निकली तो मजिस्ट्रेट ने उसे रुकवा कर नेम प्लेट व हूटर हटाने के निर्देश दिए। विधायक सेवर विक्रम उदावत की गाड़ी का भी चालान कटा।

**हूटर लगा देख लगवाई . .** मंत्री विजयपाल सारंग के स्टाफ की गाड़ी पर हूटर लगा देख मजिस्ट्रेट ने गाड़ी रुकवाई। ड्राइवर ने कार्रवाई न करने की गुजारिश की, पर पुलिस ने चालानी कार्रवाई की।

## न्यूज गैलरी

### नवोदय स्कूल में कक्षा 6 प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**श्यामपुर।** स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। इच्छुक विद्यार्थी 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट या एनवीएस पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना चाहिए। साथ ही वह तीसरी-चौथी कक्षा उत्तीर्ण तथा वर्तमान में पांचवीं में अध्ययनरत और सीहोर जिले का निवासी होना आवश्यक है।

### बारिश में सर्पदंश से बचाव को स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

**सीहोर।** मर्पा जतु में बढ़ते सर्पदंश के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार ढेहरिया ने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। सर्पदंश होने पर डॉक्टर या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में समय न गंवाकर तुरंत अस्पताल पहुंचें। दंश वाले स्थान को साफ रखें, जख्म को चिरा न लगाएं और कसकर पट्टी न बांधें। मरीजों में पहुंचे पहलवे, टोर्च जैसे उपयोग करने और साफ-सफाई बरतने की सलाह दी गई है।

### पीएम फसल बीमा योजना के तहत सरीफ फसलों का बीमा शुरू

**सीहोर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 सीजन के लिए एनसीआईपी पोर्टल पर फसल बीमा शुरू हो गया है। किसान 31 जुलाई तक धान (सिंचित एवं असिंचित), सोयाबीन और मूंग फसलों का बीमा करा सकते हैं। ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक शाखाओं के माध्यम से होगा, जबकि गैर-ऋणी किसान बैंक, प्राथमिक कृषि ऋण समिति, सीएससी, पीएमएफबीवाई पोर्टल या मोबाइल ऐप से आवेदन कर सकेंगे। किसानों से समय पर बीमा कराने की अपील की गई है।

### स्नातकोत्तर छात्रों के लिए वैल्यू एडेड कोर्स अनिवार्य

**सीहोर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए पूरे सेमेस्टर में 2 क्रेडिट का एक वैल्यू एडेड कोर्स अनिवार्य किया गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने रोजगार, उद्यमिता, योग, तनाव प्रबंधन, पर्यावरण, शोध लेखन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिजनेस एनालिटिक्स और बिजनेस एनालिटिक्स जैसे विषयों के पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक कौशल, नैतिक मूल्य, नवाचार क्षमता और रोजगारपरक दक्षता विकसित

**पटवारी हड़ताल** | आज से 440 पटवारी सामूहिक अवकाश पर, किसान-आमजन के जरूरी काम ठप

# 5 दिन रहेगा राजस्व काम बंद 440 पटवारी सामूहिक अवकाश पर, किसान-आमजन के जरूरी काम रूके

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले में बुधवार से राजस्व व्यवस्था पांच दिनों के लिए लगभग ठप हो गई है। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर जिले के सभी 440 पटवारी 15 से 17 जुलाई तक सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इसके बाद शनिवार और रविवार की सरकारी छुट्टी होने से लगातार पांच दिन तक राजस्व विभाग के अधिकांश कार्य प्रभावित रहेंगे। इसका सबसे अधिक असर किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों पर पड़ेगा। फार्मर रजिस्ट्री, नामांतरण, सीमांकन, किसान कॉल-सेंटर के सत्यापन, कास्ट सर्टिफिकेट और प्रमाण पत्रों से जुड़े कार्य रुक जाएंगे। पहले से ही जिले में 110 पटवारियों के पद रिक्त होने के कारण राजस्व व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है। ऐसे में यह आंदोलन लोगों की परेशानियां और बढ़ा सकता है।

### 'किसानों पर सबसे ज्यादा असर

सबसे अधिक परेशानी किसानों को होगी। सरकार द्वारा अनिवार्य की जा रही "फार्मर रजिस्ट्री" का बेहद दूसरे सरल समाप्त जाएगा, जिसकी आगे पालकर खाद-बीज के भुगतान मिलने में दिक्कत आ सकती है। "किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), कृषि ऋण, एग्रीस्टैक किसान पोर्टल और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना" से जुड़े सत्यापन भी नहीं हो सकेंगे। यदि इस दौरान फसलों को प्राकृतिक नुकसान होता है, तो नुकसान का प्रारंभिक सर्वे भी प्रभावित होगा।

### 20 जुलाई के बाद बढ़ेगी भीड़"

राजस्व विभाग पहले से ही कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। अब पांच दिन तक काम बंद रहने से बड़ी संख्या में फाइलें लंबित हो जाएंगी। सोमवार 20 जुलाई को कार्यालय खुलने के बाद तहसीलों में किसानों और आम नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। यदि सरकार और पटवारी संघ के बीच जल्द समझौते नहीं हुए और आंदोलन आगे बढ़ा, तो जिले की राजस्व व्यवस्था, ग्रामीण प्रशासन और कृषि कार्यों पर इसका व्यापक असर देखने को मिल सकता है।

### मुख्य बिंदु

440 पटवारी" सामूहिक अवकाश पर।

शनिवार और रविवार की छुट्टी के कारण

लगातार 5 दिन राजस्व कार्य प्रभावित"।

जिले में "550 स्वीकृत पद",

लेकिन लगभग "440 पटवारी कार्यरत", 110 पद रिक्त।

एक-एक पटवारी के पास "दो से तीन अतिरिक्त हल्कों" का प्रभार।

सोमवार "20 जुलाई" को कार्यालय खुलने पर लंबित फाइलों का भारी दबाव रहेगा।

### "ये 7 बड़े काम रहेंगे प्रभावित"

1. **'नामांतरण और बंटवारा'** दु जमीन से जुड़े मामलों की फाइलें लंबित रहेंगी।
2. **'जमीन का सीमांकन'** दु मापदंडों के समय किसानों की नाप-जोख नहीं हो सकेगी।
3. **"एग्रीस्टैक किसान व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना"** दु नए पंजीयन और सत्यापन रुकेंगे।
4. **'फार्मर रजिस्ट्री'** दु रजिस्ट्री का काम बंद होगा, जिससे खाद-बीज भुगतान पर असर पड़ सकता है।
5. **'जाति, आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र'** दु पटवारी रिपोर्ट नहीं मिलने से प्रक्रिया अटकेगी।
6. **'फसल बीमा और कृषि ऋण'** दु फसल नुकसान का आकलन प्रभावित होगा।
7. **'केसीसी और कृषि ऋण'** दु भू-अभिलेखों के सत्यापन का काम नहीं हो सकेगा।

### पटवारी संघ की प्रमुख मांगें"

पटवारी संघ ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए अपनी लंबित मांगों के निराकरण की मांग की। प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं:

- कैडर रिव्यू, लागू कर पदोन्नति और समयमान वेतनमान का लाभ।
- पटवार हल्कोंवार की विभागीय परीक्षा नियमित कराई जाए।
- ऑनलाइन पोर्टल पर पटवारियों को शामिल किया जाए।
- लंबित वित्तीय भुगतानों का शीघ्र निपटारा।
- स्थानांतरण और संघ संबंधी समस्याओं का समाधान।

**धान लगाने जाते समय टाली पलटी**

# ओवरलोड पिकअप पलटी, महिला मजदूर की मौत, 30 से अधिक घायल

डीआर संवाददाता>>सीहोर

जिले की देहाती तहसील के बेसान गांव के पास मंगलवार सुबह धान रोपाई के लिए जा रहे मजदूरों से भरी एक ओवरलोड पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं, बच्चे और नाबालिग भी शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद सीहोरा एवं अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया है।

प्राप्तिम जानकारी के अनुसार, पिकअप में 40 से अधिक मजदूर सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन क्षमता से अधिक भरा हुआ था, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया। हादसे के बाद मजदूर सड़क पर इधर-उधर बिखर गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से खतरनाक पिकअप वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर मजदूरों का परिवहन किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि हादसे में मृत महिला की पहचान अनीता, पत्नी परिराम, निवासी भिताई के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# हाईटेक कचरा घर आग में खाक, लापरवाही से लाखों का नुकसान

डीआर संवाददाता>>सीहोर

शहर के इस्लिमपुरा स्थित नगर परिषद के हाईटेक कचरा घर में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह कचरा घर कुछ ही देर में आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गया। घटना के दौरान आसपास में काले धुएं के गुबार छा गया और क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कचरा घर के बाहर एक कचड़ा जलाती हुई महिला मजदूर के कपड़ा और प्लास्टिक मटेरियल बीच गया था। लापरवाह शाम से धुआं उठ रहा था, लेकिन समय रहते ध्यान नहीं दिए जाने के कारण मंगलवार सुबह आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बढ़कर पास कचरे में फैलते हुए पूरे कचरा घर तक पहुंच गई।

घटना के बाद नगर पालिका की सफाई व्यवस्था और निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि सफाई पर बाहर रखा कचरा हटाया जाता तो नुकसान टाला जा सकता था। नगर पालिका ने आग लगाने के कारणों की जांच शुरू कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# कुबेरेश्वर धाम जा रहे श्रद्धालु से लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता> सीहोर

कुबेरेश्वर धाम जा रहे एक श्रद्धालु से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को सीहोर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चाकू व इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किया है, जबकि मामले का तीसरा आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, 10 जुलाई को गुना जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र के ग्राम बहुटेढ़ी निवासी 28 वर्षीय अनिल कुशवाह ट्रेन से सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। यहां से वे पैदल कुबेरेश्वर धाम जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी जैसे के सामने तीन बदमाशों ने उन्हें रोककर मारपीट की और उनका बैग छीनकर फरार हो गए।

पीड़ित के बैग में दो मोबाइल फोन, 2,500 रुपये नकद, पैन कार्ड, वोटर आईडी, एटीएम कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज रखे थे। घटना के बाद अनिल ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेकानंद शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविंद्र वाजपेयी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने रेलवे स्टेशन और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिर की सूचना के आधार पर भैरोपंथी कर से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवन सोन और राहुल उर्फ रिंकू सेन, दोनों निवासी सीहोर, के रूप में हुई है। पुलिस फरार तीसरे आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# आरटीआई कार्यकर्ता पर जानलेवा हमला, परिजनों ने सुरक्षा की मांग की

डीआर संवाददाता> सीहोर

जिले की रेहली तहसील के ग्राम कुमताल में सूचना का अधिकार (आरटीआई) कार्यकर्ता विजय मीना पर कथित जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। विजय मीना का आरोप है कि ग्राम पंचायत में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आरटीआई लगाने के बाद से उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही थीं। मंगलवार को उन्होंने जनसुनवाई में कलेक्टर को शिकायत सौंपकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की।

शिकायती आवेदन के अनुसार, 30 जून 2026 को पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान विवाद हुआ। विजय मीना का आरोप है कि ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक हनुमत मीना ने पहले उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें पंचायत भवन से बाहर निकाल दिया। इसके बाद हनुमत मीना, उनके पुत्र अर्जुन मीना, जगदीश मीना, लोकेश मीना, हुकम सिंह मीना तथा सुंदर लाल मीना ने मिलकर एल पर सावल, पराठी, रॉड़ियां और लाठियों से हमला कर दिया। विजय मीना का कहना है कि यदि मौके पर मौजूद ग्रामीण बीच-बचाव नहीं करते तो उनकी जान जा सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आरटीआई के माध्यम से पंचायत में कथित अनियमितताओं की जानकारी मांगने के कारण उन्हें निशाना बनाया गया। वहीं, मीना ने ब्लैकमेल को ज्ञापन सौंपने के साथ पुलिस अधीक्षक से भी सुरक्षा प्रदान करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ऑनलाइन शिव महापुराण कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, 80 हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण की भोजन प्रसादी

डीआर संवाददाता> सीहोर

जिले के प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में आयोजित ऑनलाइन शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने प्रवचनों के माध्यम से शिव-विवाह के श्रद्धालु ऑनलाइन जुड़े, वहीं ग्राम में पहुंचे भक्तों के लिए व्यापक सेवा व्यवस्था की गई। आयोजन के दौरान 80 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी वितरित की गई।

कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति बालपन जैसी सरल, निष्पाप और निर्मल भक्ति से होती है। उन्होंने बताया कि मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार ही फल मिलता है, इसलिए जीवन में सत्य, सेवा और सद्कर्म को अपनाना चाहिए। उन्होंने कुबेरेश्वरधाम को करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बताते हुए भगवान शिव पर अटूट विश्वास रखने का संदेश दिया। अपने प्रवचन में पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव के साथ माता पार्वती तीन महादान सोती हैकृसतक पर बिर्राजे, गले में रुद्राक्ष और मुख पर शिव नाम। उन्होंने कहा कि ये केवल बाहरी प्रतीक नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और विनम्रता के भाव का प्रतीक हैं।

**निरीक्षण किया**

# कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य केंद्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है - कलेक्टर

डीआर संवाददाता> सीहोर

कलेक्टर श्री बालागुरु के ने ग्राम नाकलखेड़ी, सतरिपलिया एवं भामदा स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के आयोजन किए जा रहे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन कर टीकाकरण की प्रगति, लाभार्थियों की संख्या तथा अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने निर्देश दिए कि जिले के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं एवं अन्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस जैसे औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है।

इसलिए दोनों विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक सत्र का रजिस्टर व रुपांतरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण से संबंधित आंकड़े दोनों विभागों के अभिलेखों में एक समान होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि दोनों विभाग प्रत्येक माह संयुक्त रूप से रिकॉर्ड का मिलान करें तथा लाभार्थियों की सूची का सत्यापन करें, जिससे कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला छूटने न पाए।

कलेक्टर श्री बालागुरु के निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सीएमएचओ, एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण करेंगे। इसी प्रकार ब्लॉकस्तर स्तर पर बीएमओ एवं सीडीपीओ संयुक्त रूप से निरीक्षण करेंगे, जबकि सेक्टर स्तर पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी स्तरों पर नियमित मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टरश्री के दौरान सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार ढेहरिया, महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री हनोस खरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सीमेंट से भरा ट्रक पलटा, टायर फटने से लगी आग

डीआर संवाददाता> सीहोर

सीहोर-इछावर मार्ग पर मंगलवार को सीमेंट से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि चालक सुरक्षित बच गया और घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार चालक सीमेंट लेकर सीहोर से इछावर जा रहा था। भाऊखेड़ी जोड़ स्थित संस्कार स्कूल के पास अचानक ट्रक का अगला टायर फट गया, जिससे चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क पर पलट गया। पलटते ही ट्रक से धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में उसमें आग भड़क गई।

# डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर, आषाढ़ा शुक्ल पक्ष ,1-2083 सीहोर,दिन बुधवार,दिनांक 15 जुलाई 2026

## न्यूज गैलरी

### आईएफएमआईएस केयर्स कैंप 16 एवं 17 जुलाई को

**सीहोर।** आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के उपयोग में होने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए 16 एवं 17 जुलाई को जिला कोषालय में आईएफएमआईएस केयर्स कैंप आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग विभिन्न प्रकार के वित्तीय संव्यवहार में किया जाता है। इस व्यवस्था के उपयोग में कई बार समस्याएं आती हैं इन समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को समाधान से अवगत कराने के लिए यह कैंप लगाया जा रहा है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 66 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आवासीय पेंशन, गैस-बसता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, वन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर कुलदीप राजौरा, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तरुण वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### घर-घर जाकर समस्याएं उठाएगी सपा, 22 अगस्त तक सदस्यता अभियान

**सीहोर।** समाजवादी पार्टी ने जिले में 22 अगस्त तक सदस्यता एवं जनसम्पर्क अभियान शुरू किया है। जिलाध्यक्ष इंदिरा मीना ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के निर्देश पर कार्यकर्ता गांव-गांव और घर-घर जाकर किसानों, मजदूरों, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और वंचित वर्ग की समस्याएं सुनेंगे। खाद, बीज, बिजली, बीमा राशि और भूमिहीन आदिवासियों को भूमि पट्टा दिलाने जैसे मुद्दे शासन-प्रशासन के समक्ष उठाए जाएंगे।

### भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में किसान महासंघ आज देगा ज्ञापन"

**सीहोर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ और देश बचाओ मोर्चा मुख्यार को प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। जिला अध्यक्ष कमल पटवार ने बताया कि संगठन भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील का विरोध करेगा। उनका कहना है कि यह समझौता किसानों, खेत मजदूरों और लघु उद्योगों के हितों के खिलाफ है। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सरकार से किसानों के हितों की रक्षा करने और प्रस्तावित समझौते पर पुनर्विचार की मांग की जाएगी।

### अमावस्या पर नीलकंठ नर्मदा घाट में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**भैरूंदा।** अमावस्या के अवसर पर ग्राम पंचायत नीलकंठ स्थित पवित्र नर्मदा घाट पर

**दिए निर्देश** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 370 पात्र हितग्राहियों को मिला लाभ

# सरकार जन्म से लेकर अंतिम समय तक नागरिकों के साथ: रायसिंह

डीआर संवाददाता>सीहोर

हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जहां भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं मध्य प्रदेश के इंजिनियर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में बहुमुखी विकास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल विकास कार्यों में ही आगे नहीं से लेकर जीवन के अंतिम समय तक हर नागरिक के सुख-दुख में साथ खड़ी है।

बाजना के विधायक नाथूसिंह हेलनुपुर नेमाड़ा के मुख्य आतिथ्य में कन्यानिधि हास्टल परिसर में आयोजित समारोह के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते प्रधानमंत्री के प्रयास से मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं संबोधित जानकारी देते हुए सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत द्वितीय आयोजना में 300 पात्र को आवास का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रतिनिधि रायसिंह नेमाड़ा सहित वार्डों में कार्यक्रम में उपस्थित सभी हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के

स्वीकृति पत्र सौंपे। स्वीकृति पत्र प्राप्त किए जाने के बाद खुशी से खिल उठे और उन्होंने सरकार के प्रति आभार जताते कहा कि वे अपने आवास का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ में पूर्ण करें लोगों ने जल्द से एचपी कार्ड योजना सौंकुलकार्डलाभ में उपस्थित नौजवानों ने स्वच्छ, सशक्त विकास और समाज विकास के मुद्दों को चरितार्थ करते हुए भारत सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीब और वंचित व्यक्तियों को ऊपर उठाने का निरंतर कार्य कर रही है। श्री नेमाड़ा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भाजपा सरकार के राज में हैं इतने बड़े पैमाने पर गरीब और आवासहीन परिवारों को अपने सपनों का पक्का घर देने का ऐतिहासिक अवसर पूरी पारदर्शिता के साथ हो रहा है। तहसीलदार विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में अभी तक नगर के 2 हजार पात्र हितग्राहियों को योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। द्वितीय चरण चिन्हित कर सभी के खाते में प्रथम किश्त के रूप में राशि अंतरित चुकी है। नगर के ऐसे भूमिहीन आवासहीन पात्र हितग्राही जिनके नाम की भूमि है और न ही आधार, ऐसे लोगों को लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका द्वारा एसडीएम कार्यालय सीहोर कराई जा चुकी है, जिसके तहत शासन स्तर पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रगतिपर है जीघ्र ही भूमि प्राप्त होने पर नगरपालिका द्वारा मकान का निर्माण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर नगरपालिका प्रतिनिधि शुक्ल खां, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, भाजपा जिला महामंत्री तारा जटारिया, जपा जिला उपाध्यक्ष संतोष राठौर, भाजपा जिला सहकारिता मंत्री उमेश शर्मा, वार्ड नं. सतीश खान, कमलेश जैन, डॉ. राजकुमार गजवीर, नवाब खां, अरवाज अली, मौजूद थे। आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने व्यक्त किया तथा संचालन मुजाहिद खान ने किया।

## मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए किसानों को करें जागरूक

डीआर संवाददाता>सीहोर

कलेक्टर बालमुरुगन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, खाद, खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों और आमजन से जुड़े सभी कार्य समन्वय और प्राथमिकता के साथ किए जाएं तथा लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी पात्र हितग्राहियों को नियमित लाभ देने, शत-प्रतिशत राशन उपलब्ध कराने और ई-केवाईसी अनिवार्य पूरी कराने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को डीएपी, यूरिया के स्टॉक में गड़बड़ी, अनावश्यक और एकतरफा दबाव की बिक्री रोकने के निर्देश दिए।

ई-विकास पोर्टल के टोकन के आधार पर ही खाद वितरण सुनिश्चित करने के लिए कहा। कर्तव्यों की कालाबाजारी रोकने और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक करने, मृदा हेल्थ कार्ड बनवाने और संतुलित उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही मृदा उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच कर मिलावट और अनियमितताओं पर कार्रवाई करने तथा औषधि प्रशासन विभाग को मेडिकल स्टोर्स में नकली, अमानक और एक्सपायरी दवाओं की बिक्री रोकने के निर्देश दिए।

## 55 श्रद्धालुओं का जत्था, रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत

डीआर संवाददाता>सीहोर

बाबा अमलनाथ सेवा मंडल, गाला मंडी, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित पवित्र अमलनाथ यात्रा रवाना कर 55 श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार सुबह नागदा ट्रेन से सीहोर स्टेशन पहुंचा। इस अवसर पर सेवा मंडल के संरक्षक रामकिशन यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं का यह जत्था 3 जुलाई को नागदा ट्रेन से सीहोर से रवाना हुआ था। 10 दिवसीय इस धार्मिक यात्रा में सभी श्रद्धालुओं ने दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होते हुए पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बाबा अमलनाथ के दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दरबार भी पहुंचे और माता का आशीर्वाद प्राप्त

किया। यात्रा के दौरान सेवा मंडल द्वारा श्रद्धालुओं के खाने-पीने और ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी। रेलवे स्टेशन पर हुआ स्वागत कार्यक्रम यात्रा सफल कर लौटे सभी 55 श्रद्धालुओं का गोलघर सुबह सीहोर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। हिंदू संगठन, सामाजिक संगठन, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और श्रद्धालुओं के परिजन बड़ी संख्या में स्टेशन पहुंचे। सभी ने फूल-माला, नारियल और जयकारों के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। राहगीर भी बम भोले और जय माता दी के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा को कुशल से बाबा बिना किसी बाधा के पूरी हुई। करीब सप्ताह के बाकुशल सभी ने सकुशल दर्शन किए।

## पांच दिन से थमा मानसून, किसान बाट इंतजार में, जिले में 13.97 इंच औसत नए सिस्टम से फिर झमाझम बरसात

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिले में पिछले पांच दिनों से मानसून की गति धीमी पड़ गई है, जिससे बारिश का दौर थम गया है। धूप और गर्मी के बावजूद लोग परेशान हैं, वहीं किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा 12 जुलाई तक जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून से अब तक जिले में कुल 13.97 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश की स्थिति अलग-अलग रही है। इस सीजन में अधिक बारिश में सर्वाधिक 20.29 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद

जावर में 16.88 इंच और गैरतगंज में 15.31 इंच वर्षा हुई है। इछावर में 14.88 इंच, रेहटी में 13.07 इंच और जिला मुख्यालय सीहोर में 12.78 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। कुरवाई क्षेत्र में 11.44 इंच वर्षा हुई है, जबकि श्यामपुर क्षेत्र में सबसे कम 7.73 इंच पानी गिरा है। आज (सोमवार) जिले के किसी भी क्षेत्र में बारिश दर्ज नहीं की गई।

हल्की बुवाई की सलाह कृषि वैज्ञानिक मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, वातावरण में कोई मजबूत मानसूनी सिस्टम सक्रिय न होने के कारण पिछले पांच दिनों से भारी बारिश रुकी हुई है।

। हालांकि, रात्रीकालीन तापमान में गर्मी और गर्मी के कारण हल्की बादल छाए रहे।

संभावना है और कुछ स्थानों पर बादल-धूप हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 3-4 दिन बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का हो सकता है।

इसके प्रभाव से जुलाई के अंत में जिले भर फिर झमाझम बारिश का नया दौर शुरू। उम्मीद है। तब तक उमस और हल्की गर्मी बना रहेगा।

## आषाढ़ माह में निभाई गई झिरी वाली माता जी की परंपरा, पूरे गांव ने की सुख-समृद्धि की कामना

डीआर संवाददाता>श्यामपुर

निपानिया कला (बनखेड़ी)। ग्राम निपानिया कला (बनखेड़ी) में आषाढ़ माह के अवसर पर झिरी वाली माता जी की पारंपरिक पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव को बाहर स्थित झिरी वाली माता जी के मंदिर पहुंचकर माता जी एवं ग्राम के सभी देवी-देवताओं का तेल और सिंदूर अर्पित कर विधि-विधान से पूजन किया।

गांव की वर्षों पुरानी इस परंपरा के अनुसार सभी परिवार अपने घरों में रोटियां बनाकर माता जी को भोग अर्पित करते हैं। मान्यता है कि पूजा और भोग लगने से पहले गांव का

कोई भी व्यक्ति भोजन ग्रहण नहीं करता। पूजा संपन्न होने के बाद ही ग्रामीण अपने घरों में भोजन करते हैं।

पूजन के दौरान ग्रामीणों ने गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली, उत्तम स्वास्थ्य और अच्छी फसल की कामना की।

ग्राम के समस्त हनुमान मंदिर परिसर में पूरे गांव के लोगों के लिए प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि यह धार्मिक परंपरा हर वर्ष आषाढ़ माह में सामूहिक रूप से निभाई जाती है। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि गांव की एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बनाता है।

## सावन में होगी नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा, मासिक शिवरात्रि पर भजन संध्या आयोजित

डीआर संवाददाता>सीहोर

शहर की जनता कॉलोनी पर्वतीय रोड स्थित नव-निर्मित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के दौरान भगवान नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। पहले यहां तीन लेव था, जिसे मां शारदा भवानी महिला मंडल एवं श्रद्धालुओं ने सहयोग से भव्य मंदिर का स्वरूप दिया गया है। मासिक शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में महिला मंडल के तत्वावधान में भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

इस अवसर पर मंदिर के



पुजारी एवं सामाजसेवी जसवंत सिंह दरबार ने साधु आत्मानन्द महाराज, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित श्यामार तथा सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट सहित अतिथियों का सम्मान किया। जसवंत सिंह दरबार ने बताया कि सावन माह में नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा अत्यंत शुभ मानी जाती है। नर्मदा नदी से प्राप्त नर्मदेश्वर शिवलिंग स्वयंभू माने जाते हैं और उनकी विधि-विधान से स्थापना की जाएगी।

सरपंच गंधा के प्रभारी मनोज दीक्षित ने कहा कि मासिक शिवरात्रि भगवान शिव की आराधना का विशेष पर्व है। इस दिन व्रत, पूजा और शिव मंदिर में दर्शन करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विवाहित महिलाएं परिवार की सुख-समृद्धि और अविवाहित युवतियां योग्य जीवनसाथी की कामना से व्रत रखती हैं। मंदिर में प्रत्येक मासिक शिवरात्रि पर नियमित रूप से भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**धार्मिक**

## जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर निकाली जाएगी भगवान की रथ यात्रा

### मानव का जीवन मिला है तो हमें अपने तीन धर्मों का अवश्य ही पालन करना चाहिए-संत पंडित दुर्गाप्रसाद

डीआर संवाददाता>सीहोर

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। मंगलवार को शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में मंगलवार को 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद महाराज के मार्गदर्शन में जगन्नाथ पुरी से चलती प्रतिमाओं का विशेष अभिषेक किया गया। इस मौके पर ब्रह्माचार्य पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा जलाधिवास, पुष्पाधिवास आदि किया गया। वहीं मुख्यार को सुबह सात बजे से महाभिषेक और दस बजे से एक बजे तक हवन किया

जाएगा। गुरुवार की सुबह भव्य रूप से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

वह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित सर्वजातीय समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज द्वारा के सहयोग से निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उत्साह है। मंगलवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत पंडित श्री जटाने ने कहा कि मानव का जीवन मिला है तो हमें अपने तीन धर्मों का अवश्य ही पालन करना चाहिए। धर्म, मानवता और राष्ट्र की रक्षा करना ही मानव के तीन महत्वपूर्ण धर्म हैं। सबसे पहले मानव को अपने धर्म को नहीं भूलना चाहिए। परिवार के साथ मिलकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए। दूसरा धर्म मानवता का है। हमें इसे निभाते हुए हर किसी की मदद करनी चाहिए। वह नहीं कि किसी को भी परेशानी में देखने के बाद भी उसे इग्नोर कर आगे बढ़ जाएं। तीसरा धर्म राष्ट्र की रक्षा करने का है।

समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल और पूर्व पार्षद सत्यनारायण अग्रवाल सुरेश गम्भर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया गया 1139 बच्चों का

डीआर संवाददाता>सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में

ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 14 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 602 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 537 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 156 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## न्यूज गैलरी

### मानोरा धाम की पदयात्रा आज शाम 5 बजे से शुरू

**विदिशा।** श्रीराम अनुसार इस वर्ष भी दीपक तिवारी अपने मित्र मंडल के साथ आज भगवान जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा शुरू करेंगे। बालदिया जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे वह मानोरा धाम के लिए निकलेंगे। यह यात्रा का 12वां वर्ष है। दीपक तिवारी ने बताया कि प्रदेश की सुख, समृद्धि, अच्छी बारिश किसानों की भलाई के उद्देश्य से यह यात्रा निकाली जाती है, पदयात्रा में भक्तजन शामिल भी धुन पर नाचते गाते चलते हैं।

### पर्याप्त यूरिया मौजूद विदिशा। जिला विपणन

**विदिशा।** अधिकारी रानी रघुवंशी ने बताया कि 14 जुलाई तक जिले में 77,356 मीट्रिक टन यूरिया, 23,716 मीट्रिक टन डीएपी सहित विभिन्न उर्वरक उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से किसानों को बड़ी मात्रा में उर्वरकों का वितरण भी किया जा चुका है। वर्तमान में यूरिया, डीएपी, कॉम्प्लेक्स, एसएसपी और एमओपी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

### कृषि उपकरण निर्माण इकाइयों का निरीक्षण

**विदिशा।** भारत सरकार के उद्योगएवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग और इन्वेस्ट इंडिया की ओडीओपी टीम ने मंगलवार को विदिशा की कृषि उपकरण निर्माण इकाइयों का निरीक्षण किया। दिल्ली से आई टीम ने सृष्टि गुप्ता और अमन जैन ने अशोक गेटल वर्कशॉप, संजय उद्योग व ऊषा पंखे का बगल कर उत्पादन क्षमता, बुनियादी, तकनीकी संसाधनों और विपणन व्यवस्था का जायजा लिया। बाद में टीम ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर उद्योगों के तकनीकी उन्नयन, ब्रांडिंग, वित्तीय सहायता और विस्तार पर चर्चा की।

### समस्याओं के समाधान के लिए 16-17 को कैंप

**विदिशा।** आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से संबंधित तकनीकी एवं प्रक्रियागत समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय में 16 और 17 जुलाई को विशेष आईएफएमआईएस केयर कैम्प आयोजित किया जाएगा। कैम्प से पहले 15 जुलाई को सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से लंबित एवं नई समस्याएं प्राप्त कर उनका पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद विशेषज्ञों की सहायता से सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### बोर्ड के सदस्य की अध्यक्षता में बैठक आज

विदिशा भारतीय खाद्य खाद्य रूपवाण बोर्ड के सदस्य राम रघुवंशी की अध्यक्षता में बुधवार दो दोपहर 3.30 बजे से कलेक्ट्रेट के सेतु सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है।

## बिना रिलीविंग लिए ही बीएमओ चलते बने, सीएमएचओ ने लिखा पत्र

# तबादला हुआ तो... बीईओ ऑफिस का बीएमओ अस्पताल का सामान ले उड़े

**विदिशा में ब्लॉक एजूकेशन ऑफिसर बनकर आए चंद्रकांत त्यागी का तबादला हो गया। तबादले के बाद वह सामान अपने साथ लेकर गए हैं उसमें अॉफिस में रखा हुआ सामान भी साथ ले जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि बीईओ ने इन सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बनाया है।**

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

विदिशा जिले में हुए तबादलों तबादलों के बाद अधिकारी नए जिलों में जाकर ज्वाइनिंग ले रहे हैं। ऐसे में कई अधिकारी सरकारी संपत्ति भी अपने साथ लेकर ले जा रहे हैं, तो कुछ अधिकारी अपने साथ वे वह सामान ले जाने की बात कर रहे हैं।

ऐसे ही मामला यह उठता है कि क्या शासन से मोटा वेतन लेने वाले अधिकारी इतने गैर जिम्मेदार हैं कि सरकारी संपत्ति को भी नहीं छोड़ रहे। दो ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें अधिकारी अपने साथ शासकीय सामान भी लेकर ले गए। पहला मामला विदिशा बीईओ कार्यालय त्यागी का है। जिनका तबादला होने के बाद रविवार को वह अपना सामान लेकर गए। इसके साथ ही बीईओ कार्यालय में रखे गमले, टेबल चेयर्स और फ्रिज अपने साथ ले गए। उनके जाने के बाद जब

### स्टोर में आई सामग्री की होनी चाहिए जांच

लटेरी के सामुदायिक केंद्र के कर्मचारी आपस में कानाफूसी तो कर रहे हैं, लेकिन कोई भी सामने आकर होने की शिकायत नहीं कर रहा है। इधर सीएमएचओ डॉक्टर रामसिंह नुमरा का कहना है कि उन्हें शासन नजर होने के संबंध में कोई लिखापढ़ी प्राप्त नहीं हुई है। यदि शिकायत आती है तो स्टोर सहित अन्य शासकीय सामग्री की जांच कराई जाएगी। यदि सामग्री गायब

### कार्यालय सूने सूना पिलाई दिया हो कर्मचारियों में कानाफूसी होने लगी

जिसके बाद मामला उजागर हुआ और बात जगजाहिर हो गई।

दूसरा मामला लटेरी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का है। जहां बीएमओ अभिषेक उपाध्याय का कार्यालय कक्ष 15 दिन पहले तबादला हुआ। वे स्वास्थ्य केंद्र के पीछे ही शासकीय आवास में रहते थे। जब वह अपना सामान लेकर गए तो उनके साथ डिलेवरी टेबिल, फ्रिज, कूलर सहित अन्य जरूरी सामान

मिलती है तो इसकी शिकायत कराई जाएगी। पूर्व से मिली जानकारी के अनुसार करीब एक लाख रुपए से अधिक की सामग्री गायब हुई है। इसके अलावा पूर्व में भी आई सामग्री की जांच होना चाहिए की यह सामग्री कहां है मौजूद है या नहीं। यदि सामग्री भी हुई है तो उसका क्या किया गया और इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई थी या नहीं।

इधर लटेरी बीएमओ इमरजेंस रघुवंशी का कहना है कि इस संबंध में मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है। स्टोर में जो सामान था मैंने उसकी जांच करने के बाद चार्ज लिया है। इससे पूर्व क्या-क्या सामान था इसके संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। बात दें की बीमएमओ अभिषेक उपाध्याय के पास चेयरज में भी व्यवस्था रह चुके हैं और फिर उनके लटेरी स्वास्थ्य केंद्र का प्रभार सौंपा गया।

### निजी सामान था

मैं पर्यावरण प्रेमी हूं, मैंने निजी तौर पर कार्यालय में पौधरोपण लगाए थे। कार्यालय में एक तोरणी भी बनवाई। जब मैं वहां से आया तो कई कर्मचारियों को गमले और प्लांट रेलर आया।

कोई भी शासकीय सामान लेकर नहीं आया, जो भी सामान था सब मेरा था। अगी और भी सामान है, जो मैंने निजी तौर पर लगवाया था। अभी वह सामान कार्यालय में ही है जसे मैं लेकर आना है। मध्यकांत त्यागी, निमुगनान ब्लॉक इन्यूकेशन ऑफिसर विदिशा

### पत्र लिखा है

लटेरी के निमुगनान बीएमओ बिना रिलीविंग लिए चले गए। इस संबंध में संबंधित सीएमएचओ को पत्र लिखा है। स्वास्थ्य केंद्र का सामान साथ ले जाने के संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो सामान वापस मंगवा जाएगा। या रिकवरी की जाएगी।

**डॉ. चमसिंह कुमार, सीएमएचओ**

## मोनिका तिवारी होंगी विदिशा की नई एएसपी प्रशांत चौबे अब संभालेंगे सीहोर

कर आरआई बनाया गया है। टीआई पंकज गौते भी डीएसपी पद पर

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

पुलिस मुख्यालय द्वारा किए गए नए प्रशासनिक फेरबदल के तहत विदिशा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चौबे का तबादला सीहोर कर दिया गया है। अब वे सीहोर में एएसपी का कार्यभार संभालेंगे। उनकी जगह जबलपुर की श्री वाहिनी रिसर्वा में पद सेनानी के पद पर कार्यरत रहीं मोनिका तिवारी विदिशा की नई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक होंगी।

पुलिस विभाग और प्रशासनिक अमले में बड़े पैमाने पर बदलाव की खबर आई है। पुलिस विभाग में कई टीआई स्तर के अधिकारियों को पदोन्नत कर डीएसपी बनाया गया है। रक्षित निरीक्षक भूरे सिंह भौरान का प्रमोशन भी डीएसपी रैंक पर हुआ है। सूबेदार आशीष राय को पदोन्नत

### नगर पालिका सीएमओ बने उपसंचालक

पुलिस विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों में भी अधिकारियों को नई और बड़ी जिम्मेदारियां मिली हैं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गेश ठाकुर को पदोन्नत कर जिला संचालक बनाया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की सहायक संचालक निगीता लोधा अब उप संचालक (डिप्टी डायरेक्टर) की जिम्मेदारी संभालेंगी। विदिशा के एसडीएम प्रितिज सर्मा पदोन्नत होकर खंडवा के एडीएम बनाए गए हैं। वे वर्तमान में अवकाश पर हैं।

### जनता का जीता भरोसा शुरू की अनूठी पहल

विदिशा में एसपी के रूप में श्री प्रशांत चौबे का कार्यकाल जन-हितैषी रहा। उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी और लोकप्रिय उपलब्धि सीनियर सिटीजन संवाद रही। इस पहल ने बुजुर्गों को बिना किसी कानूनी उलझन के त्वरित न्याय दिलाया। उन्होंने कम्युनिटी पुलिसिंग के जरिए पुलिस और आम जनता के बीच की दूरी मिटाई। ट्रामा सपोर्ट वॉलिंटियर्स की लंबी टीम बनाकर सड़क हादसों में त्वरित मदद के लिए वॉलिंटियर्स तैयार किए। साइबर जागरूकता के जरिए ऑनलाइन ठगी और अपराधों के प्रति जनता को जागरूक किया। विभिन्न अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की।

## नि:शुल्क भोजन कर रहे बुजुर्गों व दिव्यांगों पर लाठी से हमला

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

नगर सेवा न्यास में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने निःशुल्क भोजन कर रहे बुजुर्गों और दिव्यांग लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में गहरा आक्रोश है।

सोशल सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि नीली शर्ट पहने एक युवक हाथ में डंडा लेकर भोजन कर रहे लोगों पर अचानक हमला शुरू कर देता है। वह एक-एक कर बुजुर्गों और दिव्यांगों को निशाना बनाता है। इस दौरान एक दिव्यांग कुर्सी से साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई। अचानक हुए हमले से भोजन कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। सेवा न्यास के उपाध्यक्ष रहे प्रखर अग्रवाल ने बताया कि घटना के पश्चात समिति ने अपना बयान दर्ज कराया है। इसलिए

### आहत करती है घटनाएं

समाज में सेवा कार्य केवल भोजन कराने तक सीमित नहीं होते। ये मानवता, सम्मान और संवेदनशीलता के प्रतीक होते हैं। ऐसे स्थानों पर हिंसा की घटनाएं न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। ये सामाजिक मूल्यों को भी आहत करती हैं।

## लगातार कई दिनों से बारिश न होने के कारण खेतों में धान की फसल बेजान

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

लगातार कई दिनों से बारिश न होने के कारण खेतों में धान की फसल बेजान हो गई है। पिछले दिनों हुई बारिश से खेत लबालब हुए तो किसानों ने धान की रोपाई कर दी। लेकिन लगातार एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण धान के खेत सूख गए हैं और उनमें दरारें पड़ने लगी हैं।

हैदरगढ़ एवं तहसील अंतर्गत क्षेत्र में लगातार पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की धान की फसल संकट में आ गई है। किसानों का कहना है कि समय पर बारिश नहीं होने से धान की रोपाई के बाद फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। खेतों में नमी खत्म होने लगी है, जिससे पौधे पीले पड़ रहे हैं और कई स्थानों पर सूखने

### मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद बारिश की आशंका

जिन किसानों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं, उनकी फसल पर सबसे अधिक संकट मंडरा रहा है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की उपज पर गंभीर असर पड़ सकता है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। बारिश की कमी से केवल धान ही नहीं, बल्कि अन्य खरीफ फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। किसान अब आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत और पूंजी फसल बर्बाद होने से बच सके।

## 15 स्कूल वाहन और 32 बसों की जांच, 9 हजार रुपए का जुर्माना

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस ने मंगलवार को विशेष जांच अभियान चलाया।

इस दौरान डिमिन्ग स्कूलों में खड़ी बसों और वैन की सघन जांच की गई। यातायात थाना पुलिस ने कुल 32 स्कूल बसों और वैन का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दस्तावेजों और सुरक्षा संबंधी नियमों में खामियां मिलने पर 15 वाहनों के चालान बनाए गए। सर्वेक्षण के दौरान कुल 9 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने वाहन चालकों और संचालकों को स्कूल वाहनों में सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। किन्नेस प्रमाणपत्र, वैध इंश्योरेंस, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं हर वाहन में उपलब्ध रखने को कहा गया, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यातायात पुलिस ने साफ किया कि स्कूलों बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी कार्यवाही की जाएगी।

## विदिशा के लिए तैयार हुआ वैज्ञानिक कृषि का रोडमैप,

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

कमीरा, बरखेड़ी जेतु, जोलिया, सुमेर दांगी, मोकुलपुर और इशाखेड़ी का चयन किया कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली ने जिले की कृषि उन्नति के लिए वैज्ञानिक कृषि कार्य योजना (कृषि रोडमैप) तैयार किया है।

क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को डी. तान अधिकारी की नेतृत्व में आई वैज्ञानिकों की टीम ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में बताया गया कि प्रारंभिक चरण में जिले के छह गांव कमीरा, बरखेड़ी जेतु, जोलिया, सुमेर दांगी, मोकुलपुर और इशाखेड़ी का चयन किया गया है।

इन गांवों में उन्नत बीज, आधुनिक सिंचाई तकनीक, नई फसल किस्मों तथा कृषि यंत्रों का प्रदर्शन व्यवस्थित किसानों के खेतों पर किया जाएगा। कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि इन प्रयोगों का नियमित डॉक्यूमेंट किया जाए, ताकि सफल परिणामों का लाभ जिले के अन्य किसान भी उठा सकें। साथ ही किसानों

## पंप से पेट्रोल में पानी मिलाने का आरोप, हंगाम

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

शहर के शक्ति पेट्रोल पंप पर मंगलवार शाम उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई, जब दर्जनों वाहन चालकों ने पेट्रोल में पानी मिलाकर बेचने का आरोप लगाते हुए भारी हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही ही देखते सैकड़ों लोगों का हुजूम जमा हो गया।

करीब एक घंटे तक चक्काजाम जैसी स्थिति बनी रही। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मामला शांत कराया। हंगामे की शुरुआत तब हुई, जब कुछ वाहन चालकों की गाड़ियां पंप से निकलते ही बंद हो गईं। पीड़ित ग्राहक रोकर टायरों ने बताया कि उन्होंने 100 रुपये का पेट्रोल डलवाया। सड़क पार करते ही गाड़ी बंद हो गई।

### पंपसंचालक ने आरोपों को नकारा

शक्ति पेट्रोल पंप के संचालक सौरभ लखवानी ने ने मिलावट मिलावट के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। संचालक का कहना है कि पेट्रोल में पानी नहीं था। कुछ लोगिंग के अंश आए थे। उनकी गाड़ियों की टंकी में पहले से कचरा और पानी था। इसी कारण गाड़ियां बंद हुईं। इसी पंप से सेजाना सरकारी और उनके खुद के स्टाफ की गाड़ियां चलती हैं।

## चुनाव संपन्न

## चार पदों पर केवल एक-एक नामांकन प्राप्त हुआ

# आशीष दूसरी बार अध्यक्ष बने, 4 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन, शेष पदों के लिए 19 को होगा मतदान

डीआर संवाददाता ✉ विदिशा

रेजीमेंट पत्र विक्रेता संघ के त्रिवार्षिक चुनाव के तहत मंगलवार को सभी पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। संघ के सचिव जितेन्द्र जैन ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 19 जुलाई रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में मतदान कराया जाएगा।

चुनाव अधिकारी दिनेशनाथ अग्रवाल, राजीव जैन हनुहार एवं मनोज सेठा की देखरेख में नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। अध्यक्ष पद के लिए आशीष जैन, उपाध्यक्ष पद के लिए सोनू साहू, सचिव पद के लिए सचिन अग्रवाल एवं अनुज जैन, सहसचिव पद के लिए अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष पद के लिए आलोक जैन तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए जुगल किशोर सोनी, बेताल प्रसेना, रुचिन रावत और अंकित जैन समर्थ ने नामांकन दाखिल किया।

चार पदों पर केवल एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण अध्यक्ष पद पर आशीष जैन (टिंकू), उपाध्यक्ष पद पर सोनू साहू, सचिव पद पर अनुज जैन, सहसचिव पद पर अभिषेक जैन (टिकाऊ) तथा कोषाध्यक्ष पद पर आलोक जैन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। आशीष जैन लगातार दूसरी बार संघ के अध्यक्ष चुने गए हैं।

चुनाव अधिकारियों ने मतदान के 15 जुलाई को नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद सचिव एवं महासंघ प्रतिनिधि पदों के लिए आवश्यक होने पर 19 जुलाई को मतदान कराया जाएगा। संघ के सदस्यों ने सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड नटेरन द्वारा नटेरन थाने में किया गया वृक्षारोपण

डीआर संवाददाता ✉ नटेरन

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड नटेरन द्वारा श्रीवा सी सागरकर के भाव से रोपा गतिविधियों के अंतर्गत नटेरन थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना एवं अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए समाज को प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर जिला मठ-मंदिर प्रमुख लालाराम जी मीणा, जिला सहसंयोजक कुलदीप सिंह यादव, थाना प्रभारी मोहर सिंह मरावियां, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख सतीश जी यादव, प्रखंड मंत्री अकेश यादव, प्रखंड संयोजक विशाल यादव, सोनू मीणा, उपदेश एवं ऋषभ रघुवंशी सहित बजरंग दल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते हुए समाज से भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने का आग्रह किया।

डिजीटल अखबार

# डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

आषाढ़ शुक्ल पक्ष- जुलाई 15

राजगढ, दिन बुधवार,दिनांक 15 जुलाई,2026

## न्यूज गैलरी

### आईएफएमआईएस के 16 17 जुलाई को केयर्स कैंप

**राजगढ।** आईएफएमआईएस व सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकीसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला कोषालय में 16 व 17 जुलाई को आईएफएमआईएस केयर्स कैंप आयोजित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने सभी अध्ययन एवं संविदाकर्मी अधिकारियों से सॉफ्टवेयर से संबंधित पुरानी व नई समस्याओं की सूची 15 जुलाई तक जिला कोषालय में पंजीकृत कराने के निर्देश दिए हैं। कैंप में जिन समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर नहीं हो सकेगा, उन्हें संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, भोपाल को भेज जाएगा। साथ ही कैंप की दैनिक रिपोर्ट भी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी।

### असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त की, जांच की मांग

**नरसिंहगढ।** वन क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थल नादिया पानी में देव प्रतिमा को असामाजिक तत्व द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। गोदेर समिति से जुड़े श्रद्धालुओं ने रविवार को पुलिस थाने में आवेदन देकर आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी ऐसा कर चुका है। पुलिस ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आईएफएमआईएस के 16 17 जुलाई को केयर्स कैंप

**राजगढ।** एंटी महते राजगढ़व्यआईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला कोषालय में 16 व 17 जुलाई को आईएफएमआईएस केयर्स कैंप आयोजित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी ने सभी अध्ययन एवं संविदाकर्मी अधिकारियों से सॉफ्टवेयर से संबंधित पुरानी व नई समस्याओं की सूची 15 जुलाई तक जिला कोषालय में पंजीकृत कराने के निर्देश दिए हैं। कैंप में जिन समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर नहीं हो सकेगा, उन्हें संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, भोपाल को भेज जाएगा। साथ ही कैंप की दैनिक रिपोर्ट भी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत की जाएगी।

### सांसद निधि से सुसनेर में तीन स्थानों पर बनेंगे ओपन जिम

**सुसनेर।** राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर ने सांसद निधि से सुसनेर में तीन स्थानों पर ओपन जिम स्थापित करने के लिए राशि स्वीकृत की है। नाथजी की सुतिया, डॉ. नीलगंगा अंबेडकर गार्डन और जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रत्येक ओपन जिम के लिए 9 11 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## फर्जी मार्कशीटसे शिक्षक बने 7 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

# 11 से 13 साल की नौकरी के बाद खुला फर्जीवाड़ा, वेतन वसूली की भी होगी

डीआर संवाददाता ।। ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में फर्जी अंकसूची (मार्कशीट) के आधार पर सरकारी शिक्षक की नौकरी हासिल करने का बड़ा मामला सामने आया है। शिक्षा विभाग की जांच में दस्तावेज फर्जी पाए जाने के बाद प्रशासन और पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को 8 प्राथमिक शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इनमें से 7 आरोपियों को एफआईआर दर्ज होने के महज चार घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

जिला शिक्षा अधिकारी रावण चाटीयार की शिकायत पर ब्यावरा सिटी थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 336(3), 338 और 340(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल और जनरल स्टडीज ऑफ पब्लिक पॉलिसी, मैसूर की फर्जी अंकसूचियों का उपयोग कर शिक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी। सत्यापन के दौरान ये दस्तावेज अप्रमाणित पाए गए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित संजानी के निर्देशन पर विशेष टीम गठित की गई। सात करीब 10 बजे एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 7 शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया। तीन आरोपी अपने घरों में सोते मिले, दो घर के बाहर टहलते हुए पकड़े गए, जबकि एक आरोपी होटल पर चाय पीते समय पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी रमेश पंच यादव कार्रवाई की भनक लगते ही फरार हो गया।

**गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही आरोपियों के परिजन बड़ी संख्या में ब्यावरा सिटी थाने पहुंच गए। मेडिकल परीक्षण के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने दो दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने एक दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की।**

प्रशासन ने सभी आरोपियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इनमें अधिकांश की नियुक्ति वर्ष 2011 से 2013 के बीच हुई थी। अब प्रशासन पिछले 11 से 13 वर्षों में लिये वेतन और अन्य शासकीय लाभों की रिकवरी की प्रक्रिया भी शुरू करेगा।

पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जाएगा कि फर्जी अंकसूचियां किसके माध्यम से तैयार कराई गईं। जांच का दायरा बढ़ने की संभावना है और इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। शिक्षा विभाग और पुलिस का मानना है कि यह केवल कुछ शिक्षकों तक सीमित मामला नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक संगठित गिरोह भी सक्रिय हो सकता है।

## कार की टक्कर से ससुर और गर्भवती बहू की मौत, युवती घायल

डीआर संवाददाता ।। खुजनेर

बच्चों के स्वास्थ्य और कुपोषण मुक्त भारत के संकल्प के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर में मंगलवार को दस्तक अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने नौनिहालों को अपने हाथ कमलों से विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया। कार्यक्रम में जिला मंत्रणा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नीलम रोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल कुशवाह, नगर पालिका उपाध्यक्ष खुजनेर सहित समस्त पार्षदगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे अभियान की दी गई जानकारी इस अवसर पर मुख्य खंड विकास एवं स्वास्थ्य अधिकारी के संयोजकत्व में दस्तक अभियान के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह अभियान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण, एनीमिया और बौनेपन को दूर करने के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे और उन्हें आवश्यक दवाएं एवं पोषण संबंधी सलाह देंगे डॉ. मिश्रा ने कहा कि दस्तक अभियान के तहत विटामिन ए की खुराक, कृमि नाशक दवा, आयरन की गोली एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। विधायक ने भी अपील और दी सेवाकार्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमर सिंह यादव ने सभी 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया कि वे दस्तक अभियान के अंतर्गत दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ लें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ राष्ट्र की नींव है विधायक अमर सिंह यादव ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान

## ईंट चोरी का राज, तीन आरोपी किए गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ।। तलेन

ईंट भट्ठे से रात के अंधेरे में ईंट चोरी करने वाले तीन आरोपियों को तलेन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की ईंटें और वारदात में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को ईंट भट्ठे से चोरी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य

साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के बाद नरेंद्र अहिरवार (22), अरुण वर्मा (25) और गोविंद (26), तीनों निवासी तलेन, को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से जिलाध्यक्ष भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303 (2) के तहत दर्ज प्रकरण में सर्चवॉरंट करते हुए चोरी की ईंटें, एक ट्रैक्टर और ट्रॉली बरामद कर ली है।

## अंतरजातीय विवाह पर सामाजिक दंड, परिवारों का हो रहा बहिष्कार

डीआर संवाददाता ।। राजगढ़

राजगढ़। देश का संविधान हर बालिग व्यक्ति को अपनी पसंद से विवाह करने का अधिकार देता है और अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा देने के लिए सरकार आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराती है। इसके बावजूद राजगढ़ जिले में युवाओं द्वारा सरकार के कई परिवार आज भी सामाजिक दबाव और कठोर परंपराओं का सामना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, समाज में दूसरी जाति में विवाह करने वाले युवक-युवतियों और उनके परिवारों का सामाजिक बहिष्कार कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, परिवार पर भारी जुर्माना लगाया जाता है और हुक्का-पानी बंद कर दिया जाता है। सामाजिक दबाव के कारण कई बार माता-पिता अपनी ही संतान से संबंध खत्म करने का हत्यारामा तक देने को मजबूर हो जाते हैं।

बताया जा रहा है कि जब तक निर्धारित जुर्माना जमा नहीं किया जाता, तब तक परिवार को समाज के किसी भी धार्मिक, सामाजिक या पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति नहीं मिलती। अकेले ब्यावरा शहर में ही ऐसे 8 से 10 परिवार इस तरह की सामाजिक प्रताड़ना झेल रहे हैं। यह मामला सामाजिक परंपराओं और व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों के बीच टकराव को उजागर करता है।

## विशनखेड़ी मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

डीआर संवाददाता ।। तलेन

इमलेता के पास विशनखेड़ी मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे अज्ञात पारसोडिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार नेहूखेड़ी निवासी शुभम उर्फ गोटूराजकिशोर गार्ड और जावाहर नवोदय विद्यालय में प्रत्येक ओपन जिम के लिए 9 11 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय

विशनखेड़ी मार्ग पर टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर है। पत्नी और बेटे से

## 254 आरक्षकों को मिली प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति,नवपदोन्नत प्रधान आरक्षकों को कार्यालय में प्रधान आरक्षक की फिटी लगाकर सम्मानित किया गया

डीआर संवाददाता ।। ब्यावरा

पुलिस परिवार में खुशी का माहौल 254 आरक्षकों को मिली प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नतिपुलिस मुख्यालय भोपाल लॉजिस्टिक तथा कल्याणदेश जोन भोपालदोनों दिनांक 2026 के राजपत्रालय के जारी आदेशों के पालन में जिला राजगढ़ पुलिस ने बहुप्रतीक्षित महत्वपूर्ण आयोजन रविवार सीरीज। इसी क्रम में जिला राजगढ़ के 254 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित संजानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री. एल. कनोजे के मार्गदर्शन में आयोजित परिवार्य कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अमित संजानी द्वारा पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को कार्यालय में प्रधान आरक्षक की फिटी लगाकर सम्मानित किया गया। इसके निरंतर तिलाकर शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित संजानी ने कहा कि पदोन्नति केवल अधिकार नहीं बल्कि अधिक जिम्मेदारी, अनुशासन एवं जनसेवा के प्रति

बढ़ी हुई जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्पक्षता, व्यवहारशीलता एवं समर्पण के साथ करते हुए आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ करेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल कनोजे ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, लगन एवं सेवा भावना का परिणाम है। उन्होंने सभी को भविष्य में भी अनुशासन बनाए रखने हुए राजगढ़ पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

पदोन्नति प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण रहा। पुलिस परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर इस गौरवपूर्ण अवसर को उत्साहपूर्वक मनाया। राजगढ़ पुलिस परिवार ने सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की तथा विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुभव एवं कर्तव्यनिष्ठा से पुलिस विभाग की कार्यकुशलता और जनविश्वास को नई ऊंचाइयों तक

## मंगल प्रवेश पर स्वागत श्रद्धालुओं ने किया भावपूर्ण स्वागत, धर्म, संयम, सदाचार आत्मकल्याण का संदेश

## परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश

डीआर संवाददाता ।। सारंगपुर

सकल दिगम्बर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में मंगलवार को परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। भावना होटल, नगेश विहार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराज श्री अगवानी कर जयघोष के साथ भावपूर्ण स्वागत किया। अगवानी के पश्चात विशाल चल सायोजित गणेश विहार से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ स्थानीय सांगलिक परिसर पहुंचा।

पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने

मुनिश्री के दर्शन कर मंगलाशीर्वाद लिया। मार्गिक भजनों, जयघोष और श्रद्धा-भक्ति के वातावरण से नगर गुंजायमान हो उठा। सांगलिक परिसर में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में धर्म, संयम,

**सदाचार एवं आत्मकल्याण का संदेश दिया।**

उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि एवं मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होना है। सत्संगजनों से धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने, संस्कारों की रक्षा करने तथा संयम, स्वाध्याय और सत्संग जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सकल दिगम्बर जैन समाज सारंगपुर के अध्यक्ष मनोज जैन ने किया।

इस अवसर पर मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की आहारचर्या का लाभ विकास जैन (लोहर), निर्मल जैन एवं बहादुरसार जैन के निवास पर प्राप्त हुआ।

वहीं मुनि संघ की आहारचर्या का सौभाग्य समाज अध्यक्ष मनोज जैन, अजय जैन कर्मचारी दिगंबर, सुरेश जैन, निर्मल जैन (मेडिकल), मयंक श्रीमाल सहित अनेक श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं भक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में पत्नी और बेटे से किया विवाद, फिर लगा ली फांसी

डीआर संवाददाता ।। ब्यावरा

देवता थानाक्षेत्रांतर्गत पीपलवे आश्रम पर 60 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पत्नी और बेटे ने जब कमरे में शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए।

परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, इसके बाद शव को नीचे उतारकर पीएम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक शराब पीने का आदि था। रात को भी वह शराब पीकर घर पहुंचा था। पत्नी और बेटे ने जब शराब नहीं पीने की समझाईश दी तो उनसे विवाद हो गया। पुत्र श्री प्रेम सिंह ने पानी और बेटे को घर से बाहर निकाल दिया। रात में पत्नी और बेटे कुछ देर तो बाहर ही बैठे रहे, फिर जब आवाज दी तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला। इससे उनको थोड़ी चिंता हुई तो खिड़की से झांककर अंदर देखने का प्रयास किया। उनको प्रेम सिंह का शव फांसी पर झूलता देख उनके होश उड़ गए।

परिजनों ने बताया कि वृद्ध देवता थाना क्षेत्र के पीपलवे आश्रम में रहकर भजन-कीर्तन करते थे। उन्होंने कुछ दिनों पूर्व ही आश्रम छोड़कर घर वापस आकर रहना शुरू किया था। वृद्ध के पुत्र प्रेम सिंह ने पुलिस को बताया कि पिता ने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिकायत पर नोटिस जारी

**छापीहेड़ा।** नगर के वार्ड-5 में बिना अनुमति और नियम विरुद्ध किए जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ पार्षद धनश्याम चाटीयार की शिकायत पर नगर परिषद ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायत के बाद परिषद ने संबंधित निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी किए हैं।पार्षद का कहना है कि कुछ लोग सरकारी नालियों को रौंदा से बाहर तक निर्माण कर रहे हैं, जिससे मुख्य सड़क प्रभावित होने के साथ भविष्य में अतिक्रमण बढ़ने की आशंका है। उनका कहना है कि समय रहते ऐसे निर्माण नहीं रोके गए तो अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के अवैध निर्माण होने